गोरखधंधा

सिंडिकेट बनाकर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन, सफेदपोश नेताओं के संरक्षण के आरोप

खनिज टीम के सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ाकर ले गए रेत माफिया

नवभारत न्यूज

परासिया, 9 जून, शिवपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहंगी में अवैध रेत परिवहन का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां रेत माफिया की कथित दबंगई के आगे खनिज विभाग की टीम असहाय नजर आई। घटना ने क्षेत्र में सक्रिय अवैध रेत कारोबार और उससे जुड़े नेटवर्क पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग को अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी।

-फाईल फोटो

सूचना के आधार पर खनिज निरीक्षक स्नेह ठावरे अपनी टीम के साथ लोहंगी नदी घाट क्षेत्र में कार्रवाई के लिए पहुंचीं। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दिखाई दी। टीम ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक तेज गति से वाहन लेकर भाग निकला।

खनिज विभाग की टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा किया। आरोप है कि इसी दौरान कुछ दोपहिया वाहन सवारों ने खनिज विभाग के वाहन के आगे-पीछे चलकर रास्ता बाधित किया, जिससे कार्रवाई प्रभावित हुई और रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके से फरार होने में सफल हो गई।

खनिज निरीक्षक स्नेह ठावरे के अनुसार, ट्रैक्टर चालक वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था, जिससे अन्य राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने सावधानी बरती, लेकिन इसका फायदा उठाकर आरोपी मौके से भाग निकले। घटना की सूचना तत्काल शिवपुरी थाना पुलिस को दी गई। खनिज विभाग की ओर से घटनाक्रम का वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी कंचन राजपूत ने बताया कि वीडियो प्राप्त हुआ है, लेकिन उसमें वाहन की पहचान स्पष्ट रूप से नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग द्वारा लिखित शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बिछुआ में सोसाइटी कार्यालय पर दबंगई से अवैध कब्जा, प्रशासन मौन

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 9 जून, बिछुआ आदिवासी विकासखंड मे स्थानीय सहकारी समिति (सोसाइटी सेवा सरकारी) कार्यालय परिसर में दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ एक स्थानीय रसूखदार परिवार द्वारा सरकारी संपत्ति पर सरेआम अवैध कब्जा किया जा रहा है।

कार्यालय के ऊपर और आसपास निर्माण

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 09.10 के रसूखदार परिवार द्वारा इस अवैध गतिविधि को अंजाम दिया जा रहा है। परिवार के सदस्यों द्वारा सरकारी कार्यालय की सीमा से सटी भवन पर न सिर्फ अतिक्रमण किया जा रहा है। बल्कि कार्यालय के ठीक समीप और उसके ऊपर भी अवैध रूप से दुकानों का विस्तार किया जा रहा है।

नियमों को ताक पर रखकर किया कब्जा

स्थानीय ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आरोपी परिवार बिना किसी डर या कानूनी अनुमति के निर्माण कार्य में और विस्तार लगा है। सरकारी भवन के ऊपर व्यावसायिक दुकानों का विस्तार करना न सिर्फ अवैध है। बल्कि इससे सरकारी संपत्ति और वहाँ काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

सरकारी कार्यालय में खुलेआम हो रहे इस अतिक्रमण ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुख्य बाजार और प्रशासनिक नाक के नीचे चल रहे इस अवैध निर्माण के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अब तक मूकदर्शक बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रसूख के दबाव में आकर विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले की तुरंत जांच कराई जाए। अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए और सरकारी भवन से कब्जा मुक्त कराकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

सांसद ने गांव खारा में लगाई चौपाल और गांवों में किया जनसंपर्क

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 9 जून, सांसद बंटी विवेक साहू छिंदवाड़ा जिले के अंतिम छोर में रहने वाले ग्रामीणों को भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हे योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी लेने के लिए ग्रामीणों के बीच पहुचकर चौपाल लगाते हुये ग्रामीणों से चर्चा भी कर रहे है।

सांसद ने छिंदवाड़ा जिले के अंतिम छोर के गांव खारा में चौपाल लगाते हुये आदिवासी भाई-बहनों एवं ग्रामीणों से चर्चा की, इस दौरान सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उसके निराकरण के निर्देश भी दिये। उन्होंने कुछ समस्याओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से मोबाईल पर चर्चा करते हुये समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश भी दिये है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि अंतिम छोर में रहने वाले ग्रामीणों को भी हर योजनाओं की जानकारी के साथ ही उसका लाभ भी दिया जाये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इसी मंशा के अनुरूप ही सांसद बंटी विवेक साहू भी छिंदवाड़ा जिले के अंतिम छोर में बसे गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से जनसंपर्क कर रहे है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने मोदी सरकार के सफलतम 12 वर्ष विकास के, विश्वास के एवं जनकल्याण को लेकर मंगलवार को जुन्नारदेव विधानसभा के अंतिम छोर के गांव खारा में जहां चौपाल लगाई वही गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनकर उसका निराकरण भी किया।

खमरा में यात्री प्रतिक्षालय का अभाव, यात्रियों को हो रही परेशानी

बस स्टैंड खमरा में नहीं हैं यात्री प्रतीक्षालय, यात्रियों को हो रही गंभीर समस्या

नवभारत न्यूज

खमरा, 9 जून, बिछुआ आदिवासी विकासखंड के ग्राम पंचायत खमरा मुख्यालय में यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री प्रतिक्षालय नहीं होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड या मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिक्षालय की सुविधा ना होने के कारण यात्रियों को धूप, बारिश और ठंड में खुले में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत खमरा क्षेत्र में यात्री प्रतिक्षालय की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही



है। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे सबसे अधिक परेशान होते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में तेज धूप और बरसात के दिनों में पानी से बचाव के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें होती हैं। कई बार यात्रियों को मजबूरी में दुकानों या पेड़ों के नीचे खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत खमरा क्षेत्र में शीघ्र यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण कराया जाए। ताकि आम जनता को राहत मिल सके और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था अधिक सुविधाजनक बन सके। लोगों का कहना है कि यदि इस समस्या पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो यात्रियों की परेशानियाँ और बढ़ सकती हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस ओर कब तक कदम उठाता है।

ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर द्वारा पूर्व सैनिक संपर्क कार्यक्रम आयोजित

छिंदवाड़ा। ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर (जी.आर.सी.) द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए संचालित आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व सैनिकों, वीर नारियों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए आज जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छिंदवाड़ा में संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल कंचन सिकंदर के निर्देशन में जी.आर.सी. के दो प्रतिनिधि हवलदार मारुती चौहान एवं लांस नाइक शमशेर अली उपस्थित थे। कार्यक्रम जिला सैनिक कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह तोमर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों ने स्पर्श, पेंशन, सेवा संबंधी तथा अन्य विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से अधिकारियों को अवगत कराया।

उपसंचालक डॉ.पक्षवार ने ली जिले के समस्त पशु चिकित्सकों की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 9 जून, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय में छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के समस्त पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपसंचालक डॉ. पक्षवार ने उपस्थित पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर योजना के अंतर्गत संबंधित बैंकों से प्रतिदिन संपर्क कर हितग्राहियों के ऋण स्वीकृति की जानकारी नियमित रूप से अपडेट की जाए। क्षीरधारा ग्राम योजना के अंतर्गत बेसलाइन सर्वे निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने तथा एनएआईपी योजना के तहत पीडी की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने केसीसी लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने, एफएमडी सातवें चरण के टीकाकरण अभियान को समय सीमा में पूरा करने तथा कृत्रिम गर्भाधान में सेक्स्ड सॉर्टेड सीमन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही विभागीय योजनाओं के सभी लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्राची सूर्यवंशी ने किया बटकाखापा का नाम रोशन

कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर वेलफेयर सोसायटी ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, 9 जून, प्रतिभा और परिश्रम का परिणाम तब और भी विशेष हो जाता है जब उसे समाज और जिले के स्तर पर पहचान मिलती है। बटकाखापा की एक प्रतिभाशाली छात्रा प्राची सूर्यवंशी को कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वेलफेयर सोसायटी छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिले भर से चयनित मेधावी विद्यार्थियों के बीच छात्रा का सम्मानित होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल

पर छात्रा ने यह उपलब्धि हासिल कर बटकाखापा का नाम रोशन किया है। आपको बता दें कि छात्रा प्राची सूर्यवंशी के पिता ज्ञानलाल सूर्यवंशी मड़ई संकुल के प्राथमिक शाला देवरी में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं उनकी एक और बेटी प्रगति सूर्यवंशी ने कक्षा दसवीं में भी बटकाखापा का नाम रोशन किया था श्री सूर्यवंशी की दो बेटियां है दोनों बटकाखापा का नाम लगातार रोशन कर रही है। सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। छात्रा की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान

जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 9 जून, भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विकास, विश्वास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत जिले के प्रबुद्धजनों, व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रमुख नागरिकों से संपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनहितकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्पों पर चर्चा की। विशेष जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने जिले के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, शरद पनपालिया, पिंकी गुगनानी एवं लाल सिंह चंदेल से भेंट कर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी साझा की। उन्होंने नागरिकों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए व्यापक परिवर्तन, आर्थिक प्रगति, आधारभूत संरचना के विकास, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सिल्लेवानी में बिरसा मुंडा पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

रघुवीर मोहने ने दिया प्रेरणादायी संदेश

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 9 जून, ग्राम सिल्लेवानी स्थित बिरसा मुंडा चौक पर आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभा के दौरान पूरा परिसर ÷जय बिरसा 7 जय जोहार÷ के नारों से गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने बिरसा मुंडा जी के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करते हुए उन्हें आदिवासी समाज के अधिकारों और स्वाभिमान का प्रतीक बताया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रघुवीर मोहने ने

अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा जी ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ऐतिहासिक आंदोलन किया, जो आज भी समाज को प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज में एकता, शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रघुवीर मोहने, नीरज साहू, राजू वाडीवा, देवकरण पटेल, नीलेश इवानाती, मनोज धुर्वे, राजेश मरकाम, आनंदराव खापरे, चेतु इवानाती, बालक गाडरे, लालसिंग इवानाती, पिंकेश पटेल, अंकुश उईके, अर्जुन परतेती, सादिक सिल्लू, आशिक मर्सकोले, दुर्गेश तुमडाम, लेखराम परतेती, सुरेश तुमडाम, माणिक गोडबोले, राहुल सहारे सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिले के एकलव्य विद्यालय के प्राचार्यों की जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 9 जून, कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज जिले के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) के अंतर्गत संचालित सभी विद्यालयों की जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसी) की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, स्वास्थ्य एवं समग्र व्यक्तित्व निर्माण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं के प्रवेश लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाएं तथा आगामी परीक्षाओं में और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए प्रेरित और तैयार किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों में मंच संचालन एवं सार्वजनिक अभिव्यक्ति के कौशल विकसित करने तथा स्टेज फियर को दूर करने के लिए नियमित गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

विधायक के प्रयासों से उपलब्ध हो रहा पेयजल

हर्रई के हर वार्ड तक पहुंच रहा पानी, नगरवासियों ने जताया आभार

नवभारत न्यूज

हर्रई, 9 जून, भीषण गर्मी और जल संकट के बीच अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह के प्रयासों से हर्रई नगरवासियों को बड़ी राहत मिली है। विधायक के निर्देश एवं आर्थिक सहयोग से दूसरे बोरवेल के पानी को स्टॉक कर नगर के सभी वार्डों में नियमित रूप से वितरित किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, नगर में पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर परिषद हर्रई को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद नगर परिषद द्वारा अपने टैंकरों के साथ-साथ अन्य उपलब्ध टैंकरों की

सहायता से पानी को बड़े टैंक में संग्रहित किया जा रहा है, जहां से प्रतिदिन नगर के विभिन्न वार्डों में सुचारू रूप से जल वितरण किया जा रहा है। इस दौरान नगर परिषद के समस्त पार्षद मौके पर उपस्थित रहे और जल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। पार्षदों ने विधायक के त्वरित हस्तक्षेप और जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। नगरवासियों ने भी पेयजल संकट के समय की गई इस व्यवस्था को राहत भरा कदम बताते हुए कहा कि इससे लोगों को काफी सुविधा मिल रही है। जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद के समन्वय से नगर में जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास लगातार जारी है।

तुर्कीखापा हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक पदस्थापना पर फिर उठे सवाल

एक वर्ष बाद पुनः पदस्थापना से विवाद

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 9 जून, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुर्कीखापा एक बार फिर शिक्षक पदस्थापना को लेकर सुर्खियों में है। जानकारी के अनुसार लगभग एक वर्ष पूर्व विद्यालय में कला संकाय बंद किए जाने के बाद अतिशेष (सरप्लस) के आधार पर दो शिक्षकों का अन्य विद्यालयों में स्थानांतरण किया गया था।

अब करीब एक वर्ष बाद उन्हीं में से एक शिक्षक की पुनः तुर्कीखापा विद्यालय में पदस्थापना किए जाने को लेकर स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब संकाय पहले ही बंद हो चुका है, तो फिर उसी विद्यालय में शिक्षक की वापसी किन कारणों और किन शैक्षणिक जरूरतों के आधार पर की गई, यह स्पष्ट नहीं है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस निर्णय ने शिक्षा विभाग की पदस्थापना प्रक्रिया और नियमों की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। साथ ही यह भी सवाल उठ रहा है कि जहां कई अन्य शासकीय विद्यालय विषयवार शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं ऐसे निर्णयों से संसाधनों का असंतुलन और गहरा हो रहा है।

ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालयों में पहले से ही पढ़ाई प्रभावित हो रही है, ऐसे में इस प्रकार की पदस्थापना व्यवस्था पर गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

इनका कहना है

यह मामला मेरे संज्ञान में आया है, मैं इसे दिखवाता हूँ और पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

प्रेमलाल मेश्राम
डीईओ छिंदवाड़ा

भूमि विक्रय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि संजीवनी हेल्थकेयर एंड वेलफेयर सोसाइटी, छिंदवाड़ा (फर्म्स एवं सोसाइटी अधिनियम, मध्यप्रदेश के अंतर्गत), अपनी स्वामित्व वाली भूमि विक्रय हेतु उपलब्ध करा रही है।

पंजीकरण विवरण: संजीवनी हेल्थकेयर एंड वेलफेयर सोसाइटी

भूमि का विवरण:

1. खसरा नंबर - 218/3, 219 / स्थान- धरमी, तह. हर्रई, छिंदवाड़ा रकबा- 0459 हे.

2. खसरा नंबर- 156/2 स्थान- मेढकी, तह. हर्रई, छिंदवाड़ा रकबा - 1.294 हे.)

इच्छुक पक्ष इस भूमि के अधिग्रहण/विक्रय संबंधी प्रक्रिया हेतु विधिक नियमों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

अंतिम तिथि- 13/06/2026
संपर्क करें- अध्यक्ष/सचिव
मोबाइल नंबर-9343921818
पता-गुलाबरा, छिंदवाड़ा

भ्रष्टाचार

20 लाख की लागत से बनाई जाना है पुलिया, घटिया सामग्री का किया उपयोग

पुलिया निर्माण कार्य में घोटाला, धाधर पुलिया आरोपों में घिरी

नवभारत न्यूज

तामिया, 9 जून, सिधोली पंचायत में घाघर नाला और ज्ञानी ढोह के ऊपर कुल 20 लाख रुपए की लागत से दो पुलिया निर्माण के बाद विवाद का विषय बन गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों पुलिया का निर्माण घटिया तरीके से कराया गया और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप नहीं है।

वहीं पंचायती और जनप्रतिनिधियों द्वारा पहले बनी पानी टंकी भी कमजोर निर्माण के कारण गिर जाने की बातें चर्चा में हैं। घाधर नाला की पुलिया के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे, जबकि ज्ञानी ढोह के लिए भी 10 लाख का बजट आवंटित हुआ। ग्रामीण बताते हैं कि घाघर नाला की पुलिया सिर्फ एक मकान के सामने बन रही

है और ज्ञानी ढोह के पास आसपास कोई आवास नहीं है। ग्रामीणों का कहना है. कि इन पुलियों का उद्देश्य जानवरों के आने. जाने के लिए ही बनाया गया है न कि लोगों के आवागमन के लिए।

भुगतान और निर्माण की अनियमितताएं

तीन महीने पहले इन पुलियों के बिलों के आधे-आधे भुगतान कर दिए गए थे, परंतु अभी भी निर्माण गुणवता और स्थान चयन पर सवाल बने हुए हैं। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ज्ञानी ढोह की पुलिया के पास कोई आवास नहीं है और स्थान इतनी अनावश्यक है कि वहां केवल पशु निकलने के लिए मार्ग सुनिश्चित करने का आरोप लग रहा है। दूसरी ओर उमरवाह गांव में पिछले साल बनी पुलिया पर भी ग्रामीणों ने घटिया निर्माण के आरोप लगाए है। आरोप है कि बोल्डर पत्थर डालकर ऊपर से प्लास्टर कर दिया गया, जिससे पुलिया की बनावट दिखने में तो ठीक लगती है परंतु मजबूती पर सवाल खड़े कर रही हैं।तीन महीने पहले इन पुलियों के बिलों के आधे-आधे भुगतान कर दिए गए थे, परंतु अभी भी निर्माण गुणवता और स्थान चयन पर सवाल बने हुए हैं। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ज्ञानी ढोह की पुलिया के पास कोई आवास नहीं है और स्थान इतनी अनावश्यक है कि वहां केवल पशु निकलने के लिए मार्ग सुनिश्चित करने का आरोप लग रहा है। दूसरी ओर उमरवाह गांव में पिछले साल बनी पुलिया पर भी ग्रामीणों ने घटिया निर्माण के आरोप लगाए है। आरोप है कि बोल्डर पत्थर डालकर ऊपर से प्लास्टर कर दिया गया, जिससे पुलिया की बनावट दिखने में तो ठीक लगती है परंतु मजबूती पर सवाल खड़े कर रही हैं। ,सहायक सचिव क कहना है की मैं इस वषय में कुछ नहीं बता सकता जोभी शिकायत आ रही है बो सही है।

कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)
Municipal Corporation Chhindwara

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबरः-07162-222346
इमेलः- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईटः- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/1438 / लोनिवि/नपानि / 2026-27 — छिंदवाड़ा दिनांक 9/6/26

// निविदा सूचना //

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https//www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेंडर क्रंमाक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_514207_ 1 Date-10/06/2026	वार्ड नं.19 त्रिलोकी नगर में मानसिंह पटेल से पप्पू विश्वकर्मा के घर तक एवं शर्मा के घर से संतोष भट्ट के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1- 419990 2- 2 माह	1- 2000 2- 4200	24/06/2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा